## मामूली विवाद में पुत्र ने की पिता की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के बिछुआ थाना क्षेत्र के ग्राम मुंगनापार में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। मामूली विवाद में बेटे ने अपने ही पिता की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने महज कुछ घंटों में हत्या के आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर इस वारदात का खुलासा कर दिया है।

घटना सोमवार, 23 जून की रात की है। ग्राम मुंगनापार निवासी संजू उर्फ संजय उम्र 27 वर्ष पिता भोजराज दर्शमा का अपने पिता से मोटरसाइकिल की टूटी लाइट को लेकर विवाद हो गया। दरअसल संजू अपनी बेटी को लेकर अपने ससुराल उटकटा (रामाकोना) गेहूं लाने गया था और लौटते समय मोटरसाइकिल की हेडलाइट टूट गई थी। जब वह शाम करीब 6 बजे घर लौटा तो पिता भोजराज ने हेडलाइट टूटने पर नाराजगी जताई। इस बात को लेकर दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ।



रात में खाना खाने के बाद दोनों के बीच फिर से बहस छिड़ गई। इस दौरान गुस्से में आकर संजू घर से कुल्हाड़ी लेकर आया और पिता भोजराज के चेहरे और गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बेटे की हैवानियत देख घर में चीख-पुकार मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही खमारपानी पुलिस चौकी और बिछुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पत्नी बेबी बाई की रिपोर्ट पर आरोपी पुत्र संजू के खिलाफ अपराध क्रमांक 270/2025 धारा 103(1), 296 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया।

थाना प्रभारी मोहन सिंह मर्सकोले ने एक टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई और घटनास्थल से खून से सनी कुल्हाड़ी व मृतक के कपड़े जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपी संजू को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायालय में पेश किया गया। मामले की विवेचना जारी है। इस कार्यवाही के खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन सिंह मर्सकोले, चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह डोंगरा, प्रधान आरक्षक पंकज नामदेव, प्रमोद कुमार धुर्वे, आरक्षक धीरज सहबेए अंकित बघेल और फूलभानशाह परते की अहम भूमिका रही।

## गड्ढे में गिरे पार्षद ने वहीं दिया धरना

### सीवर लाइन खोदते समय टूटी पाइप लाइन, मौके पर पहुंचे पार्षद गिर गए गड्ढे में

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गुलाबरा वार्ड में बुधवार सुबह नगर पालिका निगम की सिवर लाइन परियोजना में लापरवाही के चलते बड़ा हादसा हो गया। लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन द्वारा की जा रही खुदाई में पाइपलाइन फट गई, जिससे जल सप्लाई के दौरान पानी तेज फव्वारे की तरह सड़क पर निकल पड़ा। सड़क पर बहते पानी के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।



स्थानीय भाजपा पार्षद संदीप सिंह चौहान ने जब मौके पर पहुंचकर व्यवस्था सुधारने की कोशिश की तो अचानक गहरे गड्ढे में गिर गए। गड्ढा इतना गहरा था कि वे पूरी तरह उसमें समा गए। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और वहीं गड्ढे में बैठकर अनशन पर बैठ गए। पार्षद चौहान ने निगम और निर्माण एजेंसी लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सीवर लाइन के काम को ठीक करने की मांग की।

लगातार दो घंटे तक वे सड़क के बीचों-बीच पानी से भरे गड्ढे में बैठे रहे, लेकिन नगर पालिका निगम के किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर पहुंचने की जहमत नहीं उठाई। पार्षद चौहान ने कहा कि गुलाबरा की जनता ने मुझे चुनकर भेजा है। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अगर जान भी देनी पड़े तो पीछे नहीं हटूंगा। भाजपा सरकार जनहित में कार्य कर रही है, लेकिन कुछ एजेंसियों की लापरवाही उसकी छवि को धूमिल कर रही है।

इस पूरे घटनाक्रम पर जब नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गुलाबरा क्षेत्र में बुधवार को कंपनी के द्वारा पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार काम किया जाना था। पाइप लाइन पहले से कमजोर थी, जिसके चलते यह फूट गई। जल्द ही कंपनी और निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचकर कार्य को ठीक करेंगे और सड़क को व्यवस्थित किया जाएगा।

गौरतलब है कि इससे पहले भी जब इसी क्षेत्र में सिवर लाइन की खुदाई के बाद गड्ढे लंबे समय तक नहीं भरे गए थे, तब पार्षद संदीप सिंह चौहान ने विरोध स्वरूप उनमें पौधारोपण कर अपनी नाराजगी जताई थी। यह दूसरी बार है जब उन्हें इसी मुद्दे पर निगम और कंपनी की कार्यशैली पर सवाल उठाने पड़े हैं।

स्थानीय जनता ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि बार-बार की खुदाई और अधूरे कामों से उनका जीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। निगम को इस दिशा में गंभीरता से ठोस कदम उठाने चाहिए।

## सार समाचार

### राम शांति विद्या मंदिर में संपन्न हुआ छात्रसंघ चुनाव, विद्यार्थियों ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग




**पांढुर्णा, देशबन्धु।** कल 25 जून 2025 दिन बुधवार को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शाला में छात्रसंघ चुनाव संपन्न कराया गया। छात्रसंघ के चुनाव के माध्यम से अपने संवैधानिक मताधिकार एवं कर्तव्यों का पालन करने की प्रक्रिया से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। विद्यालय में छात्रसंघ चुनाव हेतु प्रक्रिया विगत कुछ दिनों से बड़े ही जोश के साथ चल रही थी। जिसमें उम्मीदवार प्रतिभागियों द्वारा बढ़-चढ़कर प्रचार-प्रसार कर विद्यार्थियों से वोट की अपील की गई। शाला के हेड ब्वॉय एवं हेडगर्ल कक्षा बारहवीं से तथा डिप्यूटी हेडबॉय एवं हेडगर्ल हेतु कक्षा 10वीं से प्रतिभागी उम्मीदवार खड़े हुए। साथ ही हाऊस कैप्टन्स के लिए भी चुनाव प्रक्रिया कराई गई। सभी विद्यार्थी मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए बड़े ही उत्साह के साथ मतदान किया गया।

इस चुनाव प्रक्रिया द्वारा भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली का प्रत्यक्ष दर्शन छात्रों को कराया गया। सर्वप्रथम शाला प्राचार्या श्रीमती चारू गुलाटी द्वारा मतदान कर प्रक्रिया को आरंभ किया गया। तत्पश्चात शाला मैनेजर रोहित धवले, को-ऑर्डिनेटर्स, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों ने क्रमशः मतदान किया। सभी मतदाताओं में मतदान के समय हर्षोल्लास एवं उत्सुकता का माहौल बना रहा।

### राष्ट्रीय पंवार क्षत्रिय महासभा के महाधिवेशन में जिले को मिला सम्मानजनक प्रतिनिधित्व

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत 22 जून 2025 राष्ट्रीय पंवार क्षत्रिय महासभा (भारत) का राष्ट्रीय महाधिवेशन एवं पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण कार्यक्रम गोंदिया (महाराट्र) स्थित पवार बोर्डिंग में पूर्ण गरिमा एवं उल्लास के साथ समाज के गणमान्यजनो की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

राष्ट्रीय सचिव महेन्द्र तुरकर ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चैधरी की अध्यक्षता में गठित राष्ट्रीय कार्यकारणी के विस्तार में पंवार बाहुल्य छिंदवाडा/पांढुर्णा जिले को सम्मनानजनक प्रतिनिधित्व दिया जाकर 11 पदाधिकारियो को पद एवं गोपनियता की षपथ दिलाई गई जिनमें कृष्णकुमार ढोबले राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, लक्ष्मीकॉत (गोलू) नागरे- राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सुनील गौतम राष्ट्रीय जन संवाद सचिव, महेन्द्र तुरकर राष्ट्रीय सचिव, युवराज हिंगवे राष्ट्रीय सचिव, नामदेव बोबड़े राष्ट्रीय सचिव, दमेश कटरे उपकोषाध्यक्ष, दीपिका चोपड़े सहसचिव (महिला वर्ग से), कपिल भादे सचिव (युवा वर्ग से) छविकॉत देशमुख सचिव (युवा वर्ग से) सुरेन्द्र चौधरी सहसचिव (युवा वर्ग से)।

उक्त सम्पन्न हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बालाघाट-ध्सवनी सॉसद श्रीमति भारती पारधी एवं बतौर विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, विधायक कंटगी गौरव पारधी, विधायक तिरोडा विजय भाउ रॉहगडाले, पूर्व विधायक ओंकारसिंह बिसेन, हेमंत भाउ पटले, खोमेश्वर रॉहगडाले, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति मीना बिसेन सिवनी, श्रीमति सरितताई गागरे, शंकर पंवार बैतूल, जगदीश पंवार मुलताई, मालवा अंचल से परमार एवं राष्ट्रीय महासभा के पूर्व अध्यक्ष क्रमशः टी.डी. बिसेन, इंजीनियर मुरलीधर टेंभरे, भारत के सभी क्षेत्रीय संगठनो के अध्यक्ष एवं सभी क्षेत्रो से बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य जनो की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रो मे उत्कृष्ठ कार्य के लिए विभिन्न प्रतिभाओ एवं गणमान्य जनो को स्मृति चिन्ह, शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में 2025 की भारतीय प्रशासनिक सेवाओ आई.ए.एस. में चयनित समाज की दो प्रतिभाओ को भी सम्मानित किया गया। महासभा अध्यक्ष नंदलाल चौधरी ने समस्त संगठन पदाधिकारियो एवं समाज के प्रत्येक व्यक्ति से पूरी उर्जा के साथ समाज हित में कंधा से कंधा मिलाकर कार्य करने एवं सदस्यता अभियान को बढाने का आव्हान किया।

## रोहनाकला में भिड़ने वाले थे शराब ठेकेदार के गुंडे, पुलिस ने रोका

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा के देहात थाना क्षेत्र में देर शाम तब अफरातफरी मच गई जब रोहना बायपास पर शराब ठेकेदारों के गुंडों के बीच खूनी संघर्ष होने की संभावना बनी। हालांकि देहात थाना पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और दोनों तरफ के हुड़दंगियों को थाने लाकर पुलिसिया भाषा मे समझाईश दी।



आपको बता दें के छिंदवाड़ा सिंडिकेट शराब ग्रुप और रोहना शराब ठेकेदार ग्रुप के बीच में शराब दुकान को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है जो किसी भी दिन बड़ा रूप ले सकता है। हालाकि इस मामलें में बताया जा रहा है कि दुकान नोटिफाईड है इसलिए हटाई नहीं जा सकती है। लेकिन कुछ लोगों ने शराब दुकान को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है।

इसको लेकर न केवल स्थिति तनावपूर्ण है अपितु कभी भी रोहनाकला में खून खराबे की स्थिति हो सकती है और जो कभी नहीं हुआ वह रोहनाकला में घटना घटित हो सकती है और फिर क्या होगा कहना मुश्किल है लेकिन बदनुमा दाग जरूर लगेगा।

## बीआरसी के खिलाफ जनपद उपाध्यक्ष ने की शिकायत

**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** छिन्दवाड़ा जिले के जुन्नारदेव के जनपद शिक्षा केन्द्र में बी.आर.सी. ऑफिस में पदस्थ अरविंद डेहरिया द्वारा जब से पदस्थ हुए है अनेक लापरवाही की शिकायतें आ रहीं है। सत्ताधारी जनपद उपाध्यक्ष द्वारा शिकायत पत्र सांसद और कलेक्टर को दिया गया है।



जिसमें उल्लेख है कि स्थाई शिक्षा समीति जुन्नारदेव द्वारा बैठक का आयोजन किया गया था, जिसकी सूचना मेरे द्वारा बी.आर.सी. अरविंद डेहरिया को 2 दिवस पूर्व ही दूरभाष पर दे दी गई थी। इसके वावजूद भी बी.आर.सी. बैठक में नहीं पहुंचे, बी.आर.सी. कार्यालय द्वारा समिति के बैठक एजेंडे की जानकारी अप्राप्त रही।

विकास खंड शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में समस्त सदस्यों के द्वारा इनकी लापरवाही व अनियमितता की शिकायतों के कारण इन्हें बी.आर.सी. अरविंद डेहरिया के पद से हटाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से लेकर कलेक्टर को देने का निर्णय लिया गया।

इसके पूर्व मेरे द्वारा 16 दिसम्बर 2024 को पत्र कमांक 113 जे.पी. जुन्नारदेव के मध्यम से भी इनकी लापरवाही से अवगत कराया गया था। और बी.आर.सी. अरविंद डेहरिया को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने हेतु समझाईश दी गई थी परंतु बी.आर.सी. के द्वारा कोई सुधार नहीं किया गया।

प्रशासन एवं सांसद से बी.आर.सी. को तत्काल हटाने का कष्ट करें। जिससे विकास खंड की शिक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके।

## लोकतंत्र सेनानी का सम्मान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पंचायत सिरगोरा (शिवपुरी) में देश में 25 जून 1975 को लगे आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानी-आत्माराम मेहरा का सम्मान वस्त्र एवं श्रीफल के माध्यम से किया गया।

आज के इस कार्यक्रम मे मंडल महामंत्री देवी सिंह राजपूत कार्यक्रम प्रभारी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र राय, सह प्रभारी जनपद सदस्य रूपेश नागवंशी, ईश्वरी नागले, राजेंद्र पटेल, युवा मोर्चा महामंत्री जय पटेल, सतीश राय,अश्वनी डेहरीया, विवेक यदुवंशी, भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बैडमिंटन कोच अफ्रीका में देंगे प्रशिक्षण, किया गया सम्मान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर के लिए बड़े गर्व का विषय है कि छिन्दवाड़ा के बैडमिंटन चैंपियन कोच व अंपायर अक्षय मक्कड़ शीघ्र ही अफ्रीका में अपनी सेवाएं देंगे। अक्षय मक्कड़ को अफ्रीकन बैडमिंटन एजेंसी ने 2 साल के लिए अनुबंधित किया है।

उल्लेखनीय है कि अक्षय छिंदवाड़ा जिले के चैंपियन होने के साथ साथ इंदौर में एक इंटरनेशनल स्कूल व एकेडमी में अपनी सेवाएं दे रहे थे, उनकी इस उपलब्धि पर जिला बैडमिंटन संघ ने उनको एक गरिमामय कार्यक्रम में सम्मानित किया। अक्षय के साथ उनकी माता सुषमा मक्कड़ व पिता बंसीधर मक्कड़ का भी नागरिक अभिनंदन किया गया।

जावेद खान ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला बैडमिंटन संघ के संरक्षक नरेंद्र साहू, दारा जुनेजा, डॉ. अनिल जैन, प्रियकांत जुनेजा, प्रणय नामदेव, दीपक राज जैन, सुधीर शर्मा, पारुल पाण्डेय, इति शर्मा, ऋचा भांडुरिया, मीना ठवरे, अनामिका मेहता ने उपस्थित हो कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।




इस अवसर पर भोपाल, इंदौर व ग्वालियर में उच्च स्तरीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया साथ ही सभी अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को आगामी उज्वल भविष्य हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा नगर के अक्षय मक्कड़ को यह अवसर प्राप्त हुआ है।

कार्यकम का सफल संचालन जावेद खान द्वारा किया गया जिनके साथ बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी अरविंद गिरहटकर, विनय सिंह चंदेल, रत्नेश दुबे, अशफाक खान, निकुंज डेहरिया, पार्थ चौकसे, अश्वंत मार्को, महिमा यादव, लक्ष्मी मार्को, निष्ठा डेहरिया, जिया राजपूत व अंकिता कुम्हरे का विशेष सहयोग रहा जिसके लिए आयोजन समिति की और से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

## विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन प्रांतीय कार्यकारिणी की मीटिंग 24 जून 2025 को कोकिला रिसोर्ट जबलपुर में सम्पन्न हुई कार्यक्रम को एस.के. जायसवाल प्रांतीय अध्यक्ष, एल.पी. अग्रवाल, प्रांतीय महासचिव एवं पी.एस. यादव पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष की उपस्थिति में सम्पन्न कराया गया।

उक्त मीटिंग में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पेंशनर पदाधिकारी सम्मिलित हुये। पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं पर पदाधिकारियों द्वारा अपने विचार व्यक्त किये तथा पेंशनरों की भारी उपेक्षा पर म.प्र. शासन एवं कंपनी प्रशासन के प्रति रोष प्रकट किया गया तथा शीघ्र ही भोपाल में राज्य शासन एवं अन्य निगम मंडलों के पेंशनरों के साथ विशाल धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।



एम.एम. अंसारी विधि सलाहकार द्वारा न्यायालयीन प्रकरणों पर विस्तार से जानकारी दी गयी। उपरोक्त कार्यक्रम में छिन्दवाड़ा से ओ.पी. पाण्डेय, एस.जी. माकड़े एस.पी. अग्रवाल, पांढुर्णा शाखा से आर.डी. कामडे एवं चौरई शाखा से श्रीमति ममता चैधरी उपस्थित हुये। मीटिंग के पश्चात् छिन्दवाड़ा कार्यकारिणी द्वारा के.एल. वर्मा मुख्य अभियंता जबलपुर से उनके कार्यालय में भेंट की तथा संगठन द्वारा पूर्व में प्रेषित ज्ञापन पर विस्तार से चर्चा की गयी।

श्री वर्मा द्वारा पेशंनरों की समस्याओं का तत्काल प्राथमिकता के आधार निराकरण किया गया एवं वरिष्ठ लेखाधिकारी छिन्दवाड़ा एवं सागर को प्रतिमाह के प्रथम मंगलवार को पेंशनर संगठनों के साथ मीटिंग आयोजित करने तथा उनके अधिनस्थ समस्त संभागीय / वृत्त स्तरीय कार्यालयों को पेशंनरों के न्यायालयीन प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया।

छिन्दवाड़ा शाखा द्वारा के.एल. वर्मा का आभार प्रदर्शन कर धन्यवाद प्रेषित किया गया। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष एस.के. जायसवाल द्वारा कल 25 जून 2025 को प्रबंध निदेशक पूर्व क्षेत्र एवं मध्य क्षेत्र जबलपुर के साथ पेशंनरों की समस्याओं के निराकरणार्थ मीटिंग आयोजित की गयी जिस पर कंपनी प्रशासन द्वारा शीघ्र कार्यवाही कर निराकरण का आश्वासन दिया गया।

# एमआईसी की बैठक आयोजित, शहर के विकास के लिए पारित हुए कई प्रस्ताव



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा की मेयर इन काउंसलिंग की बैठक बुधवार निगम कार्यालय में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहके की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में निम्नानुसार प्रस्तावों को स्वीकृति मिली।

**पारित प्रस्ताव**

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर रिट पिटिशन क्रमांक 8962/2025, ब्रजेश पाण्डेय ने भवन अधिकारी (सहायक यंत्री सिविल) एकल पद पर पदोन्नति के संबंध स्वीकृति प्रदान की गई।

नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा सीमांतर्गत इमलीखेडा खसरा नंबर 29/4 में सुविधाजनक दुकानें एवं स्थानीय दुकानें निर्माण हेतु भूमि आवंटन के संबंध में स्वीकृति हेतु प्रकरण स्वीकृत किया गया।

नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा सीमांतर्गत इमलीखेडा खसरा नंबर 31/1 में व्यवसायिक कॉम्पलेक्स / मॉल निर्माण हेतु भूमि आवंटन के संबंध में स्वीकृति हेतु प्रकरण स्वीकृत किया गया। नगर पालिक निगम छिन्दवाडा स्वामित्व की जेल बगीचा स्थित रिक्त भूमि पर व्यवसायिक कॉम्पलेक्स निर्माण के संबंध में स्वीकृति प्रदान की गई।आई.एस.बी.टी. हेतु जमीन चिन्हित कर भूमि आबंटन किये जाने हेतु प्रस्ताव भेजे जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। स्थान चिन्हित किए जाने हेतु तीन सदस्यीय दल बनाने के निर्देश दिए गए।

नगर पालिक निगम छिन्दवाडा सीमांतर्गत दिव्यांगजन द्वारा संचालित अधिकृत सांची पार्लर से अस्थायी दखल शुल्क राशि पूर्व में 3000/- रुपए प्रतिमाह निर्धारित की गई थी जिसमें संशोधन कर सामान्य पार्लर संचालक हेतु 1500/- रुपए प्रतिमाह एवं दिव्यांग पार्लर संचालक हेतु 1000/- प्रतिमाह निर्धारित किए जाने को स्वीकृति प्रदान की गई। छिंदवाड़ा में होने वाली महापौर परिषद की संभावित बैठक 12 जुलाई 2025 में होने वाले व्यय की प्रशासकीय एवं सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

साप्ताहिक पशु बाजार पंजीयन शुल्क वसूली हेतु ठेका दिये जाने हेतु प्रकरण स्वीकृत किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ए.एच.पी. घटक खजरी में अधोसंरचना विकास कार्य की समय वृद्धि हेतु प्रकरण स्वीकृत किया गया।

कायाकल्प अभियान में के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र की प्रमुख मार्गो में बी टी रिनिवल कार्य के राषि के अतिरिक्त राशि की स्वीकृत किया गया।

# शोध को मिलेगी नई दिशा, विवि ने किए एमओयू पर हस्ताक्षर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिन्दवाड़ा सत्र 2025-26 से विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग प्रारंभ करने जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. इन्द्र प्रसाद त्रिपाठी के अथक प्रयास, कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में विश्वविद्यालय शिक्षा,



इंटर्नशिप, प्रशिक्षण, कौशल विकास, प्लेसमेंट एवं अनुसंधान आदि कार्यों को संपादित करने छात्रों, शिक्षकों, आम जनता लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पंतजलि रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट पीआरएफटी पंतजलि योगपीठ हरिद्वार उत्तराखण्ड, पंतजलि विश्वविद्यालय दिल्ली एवं राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिन्दवाड़ा के मध्य एमओयू सम्पन्न हुआ है। इस एमओयू से शैक्षणिक, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। यह समझौता विकसित भारत 2047 के क्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा, आयुर्वेद एवं योग आधारित उच्च शिक्षा को नई दिशा देगा। यह साझेदारी दोनों संस्थानों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। विश्वविद्यालय अपने समिति संसाधनों में विश्वविद्यालय परिक्षेत्र में स्थित वनस्पति औषधियों की प्रचुरता, भौगोलिक एवं सांस्कृतिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुये यह समझौता भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। उक्त संस्थान से समझौता किया गया। एमओयू कल 25 जून 2025 को किया गया।

विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. जे.के. वाहने से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह समझौता विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो0 आई.पी. त्रिपाठी राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा, आचार्य बालकृष्ण (कुलपति) पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार व डॉ . वेद प्रिया (निदेशक) पतंजलि शोध संस्थान हरिद्वार की उपस्थिति में नई दिल्ली में किया गया।

## सार-समाचार

### राशन दुकान से गेहूं चुराने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, 42 बोरी गेहूं बरामद



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** देहात थाना अंतर्गत 2 दिन पहले काराबोह की शासकीय राशन दुकान से अज्ञात चोरों द्वारा टिन शेड उखाड़कर गेंहू चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। बुधवार को देहात पुलिस ने चोरी की घटना में संलिप्त 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 42 बोरी गेंहू जप्त कर लिया है। मामले का खुलासा करते हुए देहात थाना प्रभारी जी.एस. राजपूत ने बताया कि 23 जून को शासकीय उचित राशन दुकान काराबोह में रात्रि को दुकान से अज्ञात चोर द्वारा गेहू के 42 बोरी किसी अज्ञात व्यक्ति ने टीन उखाड कर चोरी कर लिया था। घटना की जानकारी लगाने देहात पुलिस द्वारा अपने मुखबिर तंत्र का उपयोग कर सूचना पर अज्ञात आरोपियो की पहचान कर उन्हे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पकड़ाए आरोपियों में सरवन पिता सुरेश मंडराह उम्र 26 वर्ष, शेलेन्द्र पिता सुभाष गढेवाल उम्र 19 वर्ष, हमीद पिता वहीद खान उम्र 28 साल, सरजू मंडराह पिता सूरेश मडराह उम्र 26 साल चारो निवासी काराबोह के व्दारा चोरी करना स्वीकार किया गया। पुलिस द्वारा चारो आरोपी से चोरी गई 42 बोरी गेहू की जप्त की गई है जिसका बाजार मुल्य 52500 रुपये है।

आरोपी सरवन मडराह एवं शैलेन्द्र गढेवाल, हमीद खान, सरजू मंडराह को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। इस चोरी के खुलासे में निरीक्षक जी.एस. राजपूत, स.उ.नि. राजेश रघुवंशी, आर. सौरभ बघेल, आर. शेर सिंह रघुवंशी, आर. ब्रजेश पाल की महत्वपूर्ण भूमाफिया रही।

### खाद की कालाबाजारी करने वाली किराना दुकान पर कार्रवाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की तामिया में के सांगाखेड़ा में अवैध रूप से खाद की कालाबाजारी करते हुए एक किराना दुकान से प्रशासन को भनक लगने पर तुरंत जिला कलेक्टर के निर्देश पर कार्यवाही को अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि 26 बोरी फास्फेट, 10 बोरी जैविक, 13 पैकेट मक्का आंकी गई किमत लगभग 50 हजार बताई जा रही है कार्यवाही में एस.डी.ओ. प्रमोद उट्टी, नायब तहसीलदार राजीव नेमा, कृषि अधिकारी एस.एस. मरकाम सहित अन्य कर्मचारियों की सहायता से कार्यवाही को अंजाम दिया गया है जिसकी एफ.आई.आर. अधिकारियों ने पहुंचकर पुलिस थाना तामिया में कराई है वाहन जप्त कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि उर्वरक अधिनियम 1985 एवं बीज अधिनियम 1983 के तहत संबंधित व्यक्तियों पर कार्यवाही की गई है।

### जिले में 79.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 79.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 125.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 25 जून 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 1.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 25 जून 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 1.6, तामिया में 03, अमरवाड़ा में 03, चौरई में 03, हर्रई में 3.6, परासिया में 02, जुन्नारदेव में 01, चांद में 0.1 और उमरेठ में 1.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 85.4, मोहखेड़ में 70.2, तामिया में 81, अमरवाड़ा में 80.8, चौरई में 63.6, हर्रई में 125, बिछुआ में 53.6, परासिया में 68.2, जुन्नारदेव में 65.2, चांद में 77.3 और उमरेठ में 109.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# ट्रायबल छिन्दवाड़ा के छह खिलाड़ी राष्ट्रीय टेनिस व वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ रवाना



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के भाटापारा में आयोजित 26 से 28 जून तक राष्ट्रीय टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा के खिलाड़ी आज अपने प्रशिक्षक अनुराग शर्मा और नमन साहू के साथ रवाना हुए। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले ये खिलाड़ी उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव की कक्षा 12वीं के छात्र दक्ष बिन्नेतकर, कक्षा 10वीं के छात्र देवांश मालवीय और कक्षा 11वीं के छात्र आयुष यदुवंशी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोरकुंड की कक्षा 11वीं के छात्र नकुल कुमरे व गौतम कहार एवं कक्षा 12वीं के छात्र प्रिंस कुमरे हैं। इन खिलाड़ियों का चयन मध्यप्रदेश की ओर से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने के लिये किया गया है।

डी.एस.ओ. ट्रायबल छिंदवाड़ा अनुरोध शर्मा ने बताया कि मई माह में जुन्नारदेव में आयोजित ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर में इन खिलाड़ियों को सघन प्रशिक्षण प्रदान करने के बाद इन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिये किया गया है।

## बेह्तर प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों को दी गई शुभकामनाएं

प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों को कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, एस.डी.एम. जुन्नारदेव सुश्री कामिनी ठाकुर, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सत्येंद्र सिंह मरकाम व संस्था के प्राचार्य, एन.सी.सी. ऑफिसर मनोज शर्मा व स्टाफ और विद्यार्थियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की । खिलाड़ी और प्रशिक्षक को शुभकामनाएं प्रेषित करने के लिये स्टेशन पर डी.एस.ओ. ट्रायबल श्री शर्मा, व्यायाम शिक्षक धनंजय चौरसिया, राजीव गौतम, पूर्व फुटबॉल खिलाडी संतोष बडोनिया, वॉलीबॉल के वरिष्ठ खिलाडी सचिन मालवीय, आकिब खान, सत्यम साहू, मीत निवारे एवं पालकगण उपस्थित थे।

बता दें कि खिलाड़ियों का चयन होने पर न केवल शाला प्रबंधन अपितु आदिवासी विकास विभाग के अधिकारियों ने भी बधाई देते हुए उन्हें कहा है कि आपके चयन से उम्मीद् है कि आप जीतकर आयेंगे और इसका अनुसरण आने वाले समय में जिले में अन्य युवा करेंगे।

# महापौर ने विभागीय समीक्षा बैठक ली



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महापौर विक्रम अहके ने नगर निगम के सभी विभाग प्रमुखों की बैठक निगमायुक्त चंद्रप्रकाश राय की उपस्थिति में ली। महापौर ने बैठक में आगामी माह 12 एवं 13 जुलाई को छिंदवाड़ा में प्रदेश स्तरीय महापौर परिषद का आयोजन हेतु दिशा निर्देश प्रदान किए। महापौर ने आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नालों एवं नालियों की सतत सफाई के निर्देश दिए।

निगम के स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि निगम क्षेत्र के कुल शहरी 47 एवं 34 ग्रामीण क्षेत्रों के नालों की सफाई की गई है। बैठक यातायात व्यवस्था की दृष्टि से आवारा पशुओं को लगातार पकड़ने के निर्देश दिए गए। शहर में स्वच्छता एवं आवश्यक संरचनात्मक सुधार के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने भवन नामांतरण के प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही महापौर विक्रम अहके ने स्वच्छ पेयजल की सप्लाई एवं कुओं में स्वच्छ पानी की उपलब्धता रखने के निर्देश दिए।

जल प्रदाय को बनाए रखने हेतु लीकेज पाए जाने पर तत्काल सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए। मोक्षधाम में सूखी लकड़ी एवं कंडो की पर्याप्त उपलब्धता रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभापतिगण एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा ने लोकतंत्र सेनानियों को दिखाई फिल्म, किया सम्मान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार आपात काल लगाये जाने के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय 25 जून को जिले में संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया। जिला मुख्यालय में राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिन्दवाड़ा में संविधान हत्या दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को बचाने के लिये अपने जीवन को दाव पर लगाने वाले जिले के लोकतंत्र सेनानियों को आदरपूर्वक आमंत्रित किया गया था।



इस अवसर पर छिंदवाड़ा/पांढुर्णा सांसद विवेक बंटी साहू, महापौर विक्रम अहके, शेषराव यादव द्वारा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह व सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार सहित सभी उपस्थितों द्वारा लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपना अमूल्य योगदान देने वाले लोकतंत्र सेनानियों का स्मरण किया गया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उपस्थित सभी लोकतंत्र सेनानियों का शॉल, श्रीफल, पुष्पहार से आत्मीय सम्मान किया गया।

कार्यक्रम स्थल पर आपातकाल के दौरान हुए सत्ता के केंद्रीकरण व कष्टपूर्ण और अमानवीय दौर को भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा निर्मित प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। साथ ही भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के काले अध्याय से सभी को अवगत कराने के लिए एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

संविधान हत्या दिवस के अवसर पर छिंदवाड़ाध् पांढुर्णा सांसद श्री विवेक बंटी साहू ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपातकाल का समय भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का काला अध्याय है। उन 21 महीनों के दौरान संविधान को बचाने के लिए 01 लाख 40 हजार लोग जेल में रहे। उनमें से कई प्रताड़ना का भी शिकार हुए। देश को यहां तक पहुंचाने में जितना योगदान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का है, उतना ही योगदान लोकतंत्र सेनानियों का भी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों को समझना होगा और उनकी रक्षा करनी होगी। युवा संविधान को अधिक से अधिक पढ़ें और उस पर चलने का प्रयास करें। शेषराव यादव ने कहा कि युवा लोकतंत्र की महत्ता समझें और संविधान की गरिमा को बनाए रखें। लोकतंत्र का यह काला दिन फिर कभी न आए।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि संविधान को बचाने का दायित्व हम सभी का है। सभी जिस जगह पर जिस पद, ओहदे में हैं, अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन बेहतर से बेहतर ढंग से कर हम अपने संवैधानिक कर्त्तव्यों का निर्वहन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा संविधान हत्या दिवस के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों का आयोजन अधिकतम जन भागीदारी के साथ मनाये जाने हेतु निर्देश प्रसारित किये गये हैं। जिले में भी इससे सम्बंधित गतिविधियां और कार्यक्रम जिनमें व्याख्यान, डिबेट्स, निबंध प्रतियोगिताएं तथा इसी प्रकार के अन्य कार्यक्रम आज से प्रारंभ होकर आगामी 25 जून 2026 तक वर्ष भर आयोजित किए जाएंगे।

संविधान हत्या दिवस के कार्यक्रम में जिले के लोकतंत्र सेनानी राजेंद्र राय, मोहन रोड़े, ईश्वरी चौरसिया, डॉ. मुखर्जी, अशोक पोफली, चिवल यादव, विनोद आठले, उपासराव अल्डक, विलास नरोटे, अजय औरंगाबादकर, मधुकर पोपली, दीनदयाल मोहने और श्रीकृष्ण बरैया की गरिमामयी उपस्थिति रही। लोकतंत्र सेनानियों ने आपातकाल के दौरान के अपने अनुभव भी युवाओं से साझा किए।

ईश्वरी चौरसिया ने आपातकाल के दौरान की नो अपील, नो वकील, नो दलील की स्थिति और उस समय लोकतंत्र सेनानियों द्वारा दिए गया नारा सिंहासन खाली करो, कि जनता आती है के उद्भव की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने भारत के मतदाता और उसकी शक्ति को पूरी दुनिया में अनूठा बताया और कहा कि अब लोकतंत्र को जिंदा रखने का दायित्व देश के युवाओं और युवतियों का है। श्री राजेंद्र राय द्वारा सभी के साथ आधा मिनिट का मौन रखकर दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

संविधान हत्या दिवस के जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में नायब तहसीलदार श्रीमती साक्षी शुक्ला ने लोकतंत्र की शक्ति और आपातकाल की स्थिति को अपनी प्रखर लेखनी और ओजस्वी वाणी से कविता पाठ के माध्यम से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रभारी अपर कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, एस.डी.एम. छिंदवाड़ा सुधीर जैन, नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय, जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी एन.आई.सी. राजहंस गोंडाने एवं जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक अतुल शर्मा की उपस्थिति एवं भूमिका रही। इस अवसर पर तहसीलदार, नायाब तहसीलदार, आर.आई. और हल्का पटवारियों की भूमिका लोकतंत्र सैनानियों को लाने, ले जाने और उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने की अहम भूमिका रही।

अंत में कार्यक्रम का समापन हुआ और दूसरा कार्यक्रम जिला भाजपा कार्यालय में पार्टी स्तर से शेषराव यादव द्वारा आयोजित किया गया।